मीरापुर बारवारी दुर्गा पूजा समिति

MBDPC

शम्भू नाथ बनर्जी
(कार्यकारी अध्यक्ष)
7985600919

श्यामल रॉय
(महा सचिव)
9335156362

सौमित्र मजूमदार
(कोषाध्यक्ष)
9838049656

मीरापुर में आद्यशक्ति के 11 स्वरूपों में से एक शिवा के रूप में पूजी जाएँगी देवी दुर्गा

अर्गलास्तोत्र के प्रथम बीज शक्ति मंत्र "जयन्ती मंगला काली... क्षमा शिवा... " से प्रेरित मीरापुर की दुर्गा पूजा में आद्यशक्ति का आह्वान **शिवा** के रूप में होगा अपने थीम आधारित दुर्गा प्रतिमा के माध्यम से प्रयागराज एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के बीच लोकप्रिय मीरापुर दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष अपने डी. ए. वी. इण्टर कॉलेज के पूजा पंडाल में मातृ शक्ति का आह्वान **शिव की शक्ति – शिवा** के स्वरुप में करेगी। अपने **शिवा** स्वरुप में जगदम्बा सबका कल्याण करने वाली हैं।

मुख्य संयोजक एवं परिकल्पनाकार श्री श्यामल रॉय ने बताया कि अपने **स्वर्ण जयंती (50वें) वर्ष** से दो क़दमों की दूरी पड़ खड़ी मीरापुर बारवारी दुर्गा पूजा समिति अपने 48वें शारदीय दुर्गा पूजा उत्सव में प्रतिमा एवं पंडाल के माध्यम से माता के पारंपरिक महिषासुर मर्दिनी स्वरूप के आह्वान के साथ–साथ **शिव पुराण में वर्णित शिव और शक्ति** के अद्भुत संयोग **शिवा** को भी भक्तों के सामने प्रदर्शित करने का प्रयास करेगी। **शिव लिंग के मध्य से प्रकट हो रही देवी दुर्गा का यह स्वरुप भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा (चित्र संलग्न)।**

दुर्गा पूजा की प्रासन्गिकता को आज के युग में ज़्यादा प्रभावकारी बताते हुए **संस्थापक सदस्य एवं वर्तमान अध्यक्ष श्री निर्मल चंद्र रॉय** ने बताया कि युवा पीढ़ी को मातृ शक्ति की महत्ता से परिचित कराने के उद्देश्य से मीरापुर बारवारी दुर्गा पूजा समिति विभिन्न डिजिटल माध्यमों वेबसाइट, व्हाट्सएप चैनल, इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक पर लाईव वीडियो एवं यू.ट्यूब वीडियो जैसी आधुनिक तकनीक का भी प्रयोग करती है।

कार्यकारी अध्यक्ष श्री शंभू नाथ बनर्जी के अनुसार युवा पीढ़ी को मातृ शक्ति की महत्ता से परिचित कराने के उद्देश्य से **स्वर्गीय देवी रानी रॉय स्मारक चित्रकला प्रतियोगिता** के माध्यम से कला क्षेत्र में रूचि रखने वाले कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों को इस **निःशुल्क प्रतियोगिता** में भाग लेने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से आमंत्रित कर रही है। मीरापुर बारवारी दुर्गा पूजा समिति की वेबसाइट एवं फ़ेसबुक पेज पर इस कार्यक्रम से सम्बंधित सभी जानकारियां उपलब्ध करा दी गयी हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

कोषाध्यक्ष **श्री सौमित्र मजूमदार** के अनुसार सहयोग राशि देने के लिए दुनिया के किसी भी कोने में मौजूद देवी भक्त UPI, PayTM, NEFT जैसे डिजिटल ट्रांजैक्शन माध्यमों का प्रयोग कर सकता है। युवा कार्यकर्ताओं **अंकुश, अनिकेत, बंटी, संदीप, सौरभ** ने बताया कि पंडाल की आंतरिक साज सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और पंडाल में प्रवेश करने वाले मार्ग पर भी फ्लेक्स बॅनर के माध्यम आदि से **शिव की शक्ति – शिवा** थीम को प्रसारित किया जायेगा।

दिनांक: 09.10.2023

(श्यामल रॉय)
महा सचिव

अधिक जानकारी के लिए देखें: https://meerapurdurgapuja.com/press-release/